# राज्य ललित कला अकादमी, उ०प्र०

(संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश)

मानवीय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), संस्कृति विभाग, उ.प्र. की प्रेरणा से

कोविड-19 से सुरक्षा के सकरात्मक पक्ष पर आधारित

## अखिल भारतीय फोटोग्राफी प्रदर्शनी-2020



# कोरोना के योद्धा (CORONA WARRIORS)

पाँच पुरस्कार रुपये 20,000/- प्रति     पाँच पुरस्कार रुपये 10,000/- प्रति

प्रविष्टि भेजने की तिथि-10 जून से 10 जुलाई, 2020 तक

पत्र व्यवहार का पता :

सचिव

राज्य ललित कला अकादमी, उ०प्र०

लाल बारादरी भवन, ललित कला अकादमी मार्ग, कैसरबाग, लखनऊ-226001,

ई-मेल : slka_up@yahoo.com   दूरभाष सं० - 0522 2628453, 2616033

फोटोग्राफी प्रतियोगिता से सम्बन्धित अधिक जानकारी www.fineartakademiup.nic.in से प्राप्त की जा सकती है

# विवरण-प्रपत्र

विश्वव्यापी कोरोना महामारी के वर्तमान दौर में इस त्रासदी की गम्भीरता को कम करने में भारतवर्ष सफल होता दिख रहा है। कोरोना के इस जंग में सकारात्मक क्षणों एवं जागरूकता अभियानों की अह्म भूमिका रही है। स्टे होम एवं समय–समय पर निर्गत सरकार के दिशा निर्देशों के अनुरूप अपनी जीवनचर्या को ढालकर कोरोना की त्रासदी से लड़ने में प्रत्येक भारतवासी ने सहयोग किया है परन्तु कोरोना महामारी के संघर्ष में कुछ व्यक्तियों का युद्धस्तर पर अपनी जान खतरे में डालकर सेवा की है। जैसे– अनेक डॉक्टरों/मेडिकल स्टाफ, प्रशासनिक अधिकारियों/पुलिस बल एवं सफाई कर्मचारियों ने दिनरात अपने दायित्वों को पूर्ण कर कोरोना योद्धा के रूप में एक मिशाल कायम की है।

कोरोना त्रासदी से संघर्ष में इन कारोना योद्धाओं के योगदान के सकारात्मक क्षणों को लॉकडाउन के दौरान विभिन्न छायाकारों द्वारा अपने कैमरे के माध्यम से समय–समय पर छायांकित किया गया होगा। कोरोना वारियर्स के इस योगदान को जन–जन तक पुहँचाने के लिए छायांकित फोटोग्राफ्स की आनलाइन प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता आयोजित करने का निश्चय राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश द्वारा किया गया है, जिसके अन्तर्गत छायाकारों द्वारा छायांकित उत्कृष्ट छायाचित्रों की ऑनलाइन प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी तथा उत्कृष्ट छायाचित्रों के छायाकारों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। प्रदर्शनी में प्रतिभाग हेतु नियमावली निम्नलिखित है जिसका पालन अनिवार्य होगा :–

## प्रतियोगिता के नियम

1. प्रदर्शनी में प्रतिभागिता पूर्णतः **निःशुल्क** है।
2. **छायाचित्रों की विषयवस्तु पूर्णरूप से कोरोना योद्धाओं के योगदान के सकारात्मक पक्ष पर आधारित होनी चाहिए। नकारात्मक विषयवस्तु के फोटोग्राफ्स को प्रथम दृष्टया अस्वीकृत कर दिया जायेगा।**
3. सम्पूर्ण देश के छायाकारों से कोरोना योद्धाओं की विषयवस्तु पर सृजित छायाचित्रों के रंगीन छायाचित्र (रॉ फाईल सहित, 300 डी0पी0आई0) दिनांक 30 जून, 2020 सायं 5:00 बजे तक ऑनलाइन/डाक सेवा द्वारा आमंत्रित किए जाते हैं। प्रविष्टियों का विवरण अकादमी द्वारा निर्धारित फार्म में अनिवार्य एवं सुस्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए। प्रविष्टि प्रेषित करने हेतु ई–मेल आई0डी slka_up@yahoo.com तथा डाक पता "सचिव, राज्य ललित कला अकादमी, उ0प्र0, लाल बारादरी भवन, ललित कला अकादमी मार्ग, निकट–पुराना हाईकोर्ट, कैसरबाग, लखनऊ–226001 है।
4. ई–मेल के विषय (Subject) में अथवा डाक द्वारा प्रेषित छायाचित्रों के लिफाफे पर **"कोरोना योद्धा" अखिल भारतीय फोटोग्राफी प्रदर्शनी–2020** अंकित किया जाए।
5. छायाचित्रों का न्यूनतम साइज 8X12 इंच एवं अधिकतम 12X18 इंच होना चाहिए। निर्धारित साइज से छोटे एवं बड़े छायाचित्रों को चयन प्रक्रिया में सम्मिलित नहीं किया जाएगा। प्रति छायाकार मात्र एक प्रविष्टि ही स्वीकार्य होगी। एक प्रविष्टि में न्यूनतम दो एवं अधिकतम छः छायांकन हो सकते हैं।
6. **पुरस्कार (कुल संख्या–10)**

   05 उत्कृष्ट छायाचित्रों के छायाकारों को रू0 20,000/– प्रति तथा 05 विशेष छायाचित्रों के छायाकारों को रू0 10,000/– प्रति के पुरस्कार राशि, प्रमाण–पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए जाएंगे।
7. पुरस्कारों का निर्णय अकादमी द्वारा गठित निर्णायक समिति द्वारा किया जाएगा, निर्णायक समिति का निर्णय अन्तिम होगा।
8. किसी भी नियम की अवेहलना पर प्रविष्टि निरस्त की जा सकती है। चयन के निर्णय के सम्बन्ध में कोई भी पत्राचार मान्य नहीं होगा।
9. पुरस्कृत छायाचित्र अकादमी की सम्पत्ति होंगे, जिसके लिए पुरस्कार के अतिरिक्त पृथक से कोई भी धनराशि छायाकार को भुगतान नहीं की जाएगी।
10. प्रदर्शनी के आयोजन के समय उसका एक सचित्र कैटलाग भी प्रकाशित किया जाएगा।

## राज्य ललित कला अकादमी, उ0प्र0

# कोरोना के योद्धा (CORONA WARRIORS)

### कोविड-19 से सुरक्षा के सकरात्मक पक्ष पर आधारित

**अखिल भारतीय फोटोग्राफी प्रदर्शनी–2020**

फोटो

**सचिव,**
**राज्य ललित कला अकादमी, उ0प्र0**
**लाल बारादरी भवन, निकट–पुराना हाईकोर्ट,**
**कैसरबाग, लखनऊ।**

महोदय,

मैं राज्य ललित कला अकादमी, उ0प्र0 द्वारा आयोजित **कोरोना योद्धाओं के योगदान पर आधारित अखिल भारतीय फोटोग्राफी प्रदर्शनी–2020** हेतु विवरण–प्रपत्र में दिए गए नियम तथा अधिनियम को स्वीकार करते हुए निम्निलिखित छायाचित्रों को प्रविष्टि के रूप में प्रस्तुत कर रहा/रही हूँ:–

| क्रमांक | फोटो का शीर्षक | माप (इंच में) | छायांकन तिथि/माह |
|---|---|---|---|
| 1. | | | |
| 2. | | | |
| 3. | | | |
| 4. | | | |
| 5. | | | |
| 6. | | | |

फोटोग्राफर का नाम श्री/श्रीमती/कु0.........................................................................

जन्म तिथि ..............................जन्म स्थान....................................................... शैक्षिक योग्यता ..................................

स्थायी पता : ...........................................................................................................................................

पत्राचार पता : ........................................................................................................................................

मोबाइल नं0 .................................

ई–मेल ...............................................................................................

दिनांक ........................ हस्ताक्षर कलाकार

**कलाकार की घोषणा** : मैं घोषणा करता हूँ/करती हूँ कि मेरे यह फोटोग्राफ मेरे द्वारा स्वयं छायांकित किए गए हैं व यह पूर्व में किसी राष्ट्रीय या अन्तर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी में प्रदर्शित नहीं हुए हैं।

दिनांक...................... (हस्ताक्षर कलाकार)

**नोट :– इस फार्म में भरी जाने वाली सूचनायें सुस्पष्ट और पठनीय होनी चाहिए तथा इसे पी0डी0एफ0/जेपीजी में स्कैन कर प्रविष्टि के साथ ही नियमावली में उल्लिखित ई–मेल पर भेजना होगा।**

# प्रमुख गतिविधियाँ

1. उत्तर प्रदेश राज्य की वार्षिक कला प्रदर्शनियाँ एवं पुरस्कार वितरण।
2. हर तीसरे वर्ष अखिल भारतीय कला प्रदर्शनी एवं पुरस्कार वितरण।
3. अखिल भारतीय छायाचित्र कला प्रदर्शनी एवं पुरस्कार वितरण।
4. क्षेत्रीय कला प्रदर्शनी तथा क्षेत्रीय पुरस्कार वितरण।
5. विशिष्ट कलाकारों की आमंत्रित रिट्रास्पेक्टिव कला प्रदर्शनी।
6. आमंत्रित कला प्रदर्शनियाँ।
7. राष्ट्रीय, अन्तर्राष्ट्रीय व अंतर्क्षेत्रीय कला प्रदर्शनियों का समय—समय पर आयोजन।
8. अंतर्राज्य विनिमय कला प्रदर्शनियों का आयोजन।
9. कला प्रदर्शनी आयोजन हेतु आर्थिक सहायता।
10. प्रतिभाशाली कलाकारों को उच्च शिक्षा के लिये छात्रवृत्तियाँ।
11. डॉ. राधाकमल मुखर्जी स्मृति व्याख्यानमाला का आयोजन।
12. व्याख्यान, सेमिनार व कला संगोष्ठियाँ।
13. अखिल भारतीय तथा प्रदेश स्तरीय कला शिविरों का आयोजन।
14. स्थाई कला संग्रह के लिये कलाकृतियों का क्रय।
15. कला पुस्तकालय एवं वाचनालय सुविधा।
16. कला सम्बन्धी पुस्तकों, पत्रिकाओं, मोनोग्राफ, पोर्टफोलियो, पिक्चर पोस्टकार्ड आदि का प्रकाशन।
17. कला गतिविधियों के लिए वीथिका के आरक्षण की सुविधा।
18. रचनात्मक कला केन्द्र के माध्यम से कलाकारों को सृजन कार्य की सुविधा।
19. विक्रय केन्द्र द्वारा प्रकाशनों एवं कलाकृतियों का विक्रय।
20. विशिष्ट कलाकारों, कला समीक्षकों, कला विदों, कला इतिहासकारों को अधिसदस्यता सम्मान।
21. सजीव सृजन प्रदर्शन एवं व्याख्यान।

**राज्य ललित कला अकादमी, उ0प्र0**

**लाल बारादरी भवन, ललित कला अकादमी मार्ग, कैसरबाग, लखनऊ-226001,**

**ई-मेल :** slka_up@yahoo.com **वेबसाइट -** www.fineartakademiup.nic.in **दूरभाष सं0 - 0522 2628453, 2616033**